Headline: Nifty 50 Futures Index launched	
Source: Dainik Navjyoti, Rajasthan	Date: 17 June 2016

निफ्टी फ्यूचर्स इंडेक्स शुरू

एजेंसी/नवज्योति, मुंबई

देश के बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी 50 के फ्युचर्स भाव में परिवर्तन को दिखाने वाला एक नया सूचकांक लाँच किया गया है।

एनएसई ग्रुप की कंपनी इंडिया इंडेक्स सर्विसेज एंड प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आईआईएसएल) ने भारतीय पूंजी बाजार का प्रतिनिधित्व करने वाले सूचकांकों की श्रेणी को विस्तारित करने के प्रयत्न की दिशा में इस सूचकांक को तैयार किया है। इस नये सूचकांक का नाम निफ्टी 50 फ्युचर्स इंडेक्स है। मुकेश अग्रवाल सीईओ आईआईएसएल ने कहा निफ्टी 50 फ्युचर्स कांट्रेक्ट्स के प्रदर्शन का अनुकरण नया सूचकांक करेगा। नये सूचकांक का निर्माण एनएसई पर कारोबार कर रहे निकट माह के निफ्टी 50 फ्युचर्स कांट्रेक्ट्स के आधार पर किया गया है।